# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## Professor Tankeshwar Kumar elected as the Vice President of IAPS

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 16-02-2022**

# इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेज के उपाध्यक्ष बने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हकेंविवि) के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार अब प्रतिष्ठित इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेज के उपाध्यक्ष की भूमिका का भी निर्वहन करेंगे।



वर्ष 2022 व 2023 के लिए इंटरनेशनल अकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेस (आईएपीएस) की कार्यकारी परिषद की घोषणा की गई है।

इसमें सूरजमल विश्वविद्यालय, उत्तराखंड के कुलपति प्रो. एचएस धामी को अध्यक्ष तथा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया है। आईएपीएस भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में खोज, वैज्ञानिक व तकनीकी ज्ञान तथा मानव समाज की बेहतरी के लिए कार्य करती है। आईएपीएस एक ऐसा वैज्ञानिक निकाय है जिसमें भौतिक, गणित, और पृथ्वी विज्ञान की विभिन्न शाखाओं जैसे भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, भूविज्ञान, भूभौतिकी और भूगोल, कंप्यूटर विज्ञान, सूचना विज्ञान, जैव रसायन, बायोफिजिक्स आदि के वैज्ञानिक शामिल हैं।

भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में प्रो. टंकेश्वर कुमार के 35 वर्ष के उल्लेखनीय योगदान व उनकी प्रशासिक नेतृत्व क्षमता देखते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित संस्था का उपाध्यक्ष चुना है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेज जैसी प्रतिष्ठित संस्था की कार्यकारी परिषद का उपाध्यक्ष चुना जाना उनके लिए गर्व व सम्मान की बात है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि उनके साथ फ्लोरिडा केंद्रीय विश्वविद्यालय, यूएसए के प्रो. राम महापात्रा, सहित दो अन्य उपाध्यक्ष भी चुने गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे संस्था के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर संस्था की बेहतरी के लिए कार्य करेंगे।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

**Newspaper: Amar Ujala (Main)** **Date: 16-02-2022**

## आईएपीएस के उपाध्यक्ष बने कुलपति प्रो. टंकेश्वर

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विवि (हकेंविवि) के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार अब प्रतिष्ठित इंटरनेशनल अकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेस के उपाध्यक्ष की भूमिका का भी निर्वहन करेंगे। वर्ष 2022 व 2023 के लिए इंटरनेशनल अकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेस (आईएपीएस) की कार्यकारी परिषद की घोषणा की गई है। इसमें सूरजमल विवि, उत्तराखंड के कुलपति प्रो. एचएस धामी को अध्यक्ष व हरियाणा केंद्रीय विवि महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया है। आईएपीएस भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में खोज, तकनीकी ज्ञान व मानव समाज की बेहतरी के लिए कार्य करती है। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 16-02-2022**

## इंटरनेशनल अकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेस के उपाध्यक्ष बने प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार

**महेंद्रगढ़** | ऑफ फिजिकल साइंसेस के उपाध्यक्ष की भूमिका का भी निर्वहन करेंगे। वर्ष 2022 व 2023 के लिए इंटरनेशनल अकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेस (आईएपीएस) की कार्यकारी परिषद की घोषणा की गई है, जिसमें सूरजमल विवि, उत्तराखंड के कुलपति प्रो. एचएस धामी को अध्यक्ष तथा हकेंवि, महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया है। आईएपीएस भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में खोज, वैज्ञानिक व तकनीकी ज्ञान तथा मानव समाज की बेहतरी के लिए कार्य करती है। आईएपीएस एक ऐसा वैज्ञानिक निकाय है। जिसमें भौतिक, गणित, और पृथ्वी विज्ञान की विभिन्न शाखाओं जैसे भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, भूविज्ञान, भूभौतिकी और भूगोल, कंप्यूटर विज्ञान, सूचना विज्ञान, जैव रसायन, बायोफिजिक्स आदि के वैज्ञानिक शामिल हैं। भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में प्रो. टंकेश्वर कुमार के 35 वर्ष के उल्लेखनीय योगदान व उनकी प्रशासनिक नेतृत्व क्षमता देखते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित संस्था का उपाध्यक्ष चुना है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इंटरनेशनल अकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेस जैसी प्रतिष्ठित संस्था की कार्यकारी परिषद का उपाध्यक्ष चुना जाना उनके लिए गर्व व सम्मान की बात है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 16-02-2022**

# आइएपीएस के उपाध्यक्ष बने प्रो . टंकेश्वर कुमार

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार अब प्रतिष्ठित इंटरनेशनल एकेडमी आफ फिजिकल साइंसेस के उपाध्यक्ष की भूमिका का भी निर्वहन करेंगे। वर्ष 2022 व 2023 के लिए इंटरनेशनल एकेडमी आफ फिजिकल साइंसेस (आइएपीएस) की कार्यकारी परिषद की घोषणा की गई है, जिसमें सूरजमल विश्वविद्यालय, उत्तराखंड के कुलपति प्रो. एचएस धामी को अध्यक्ष तथा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया है।

आइएपीएस भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में खोज, वैज्ञानिक व तकनीकी ज्ञान तथा मानव समाज की बेहतरी के लिए कार्य करती है। आइएपीएस एक ऐसा वैज्ञानिक निकाय है जिसमें भौतिक, गणित और पृथ्वी विज्ञान की विभिन्न शाखाओं जैसे भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, भूविज्ञान, भूभौतिकी और भूगोल, कंप्यूटर विज्ञान, सूचना विज्ञान, जैव रसायन, बायोफिजिक्स आदि के वैज्ञानिक शामिल हैं। भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में प्रो. टंकेश्वर कुमार के 35 वर्ष के उल्लेखनीय योगदान व उनकी प्रशासनिक नेतृत्व क्षमता देखते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित संस्था का उपाध्यक्ष चुना है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेस जैसी प्रतिष्ठित संस्था की कार्यकारी परिषद का उपाध्यक्ष चुना जाना उनके लिए गर्व व सम्मान की बात है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि उनके साथ फ्लोरिडा केंद्रीय विश्वविद्यालय, यूएसए के प्रो. राम महापात्रा, सहित दो अन्य उपाध्यक्ष भी चुने गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे संस्था के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर संस्था की बेहतरी के लिए कार्य करेंगे। कुलपति ने परिषद की नई टीम को भी शुभकामनाएं दी।



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति टंकेश्वर कुमार

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 16-02-2022**

# प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार उपाध्यक्ष हुए मनोनित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर अब प्रतिष्ठित इंटरनेशनल अकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेस के उपाध्यक्ष की भूमिका का भी निर्वहन करेंगे। वर्ष 2022 व 2023 के लिए इंटरनेशनल अकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेस (आईएपीएस) की कार्यकारी परिषद की घोषणा की गई है, जिसमें सूरजमल विश्वविद्यालय उत्तराखंड के कुलपति प्रो. एचएस धामी को अध्यक्ष तथा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर को उपाध्यक्ष चुना गया है। आईएपीएस भौतिक विज्ञान के



प्रो. टंकेश्वर, कुलपति

क्षेत्र में खोज, वैज्ञानिक व तकनीकी ज्ञान तथा मानव समाज की बेहतरी के लिए कार्य करती है। आईएपीएस एक ऐसा वैज्ञानिक निकाय है जिसमें भौतिक, गणित, और पृथ्वी विज्ञान की विभिन्न शाखाओं जैसे भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, भूविज्ञान, भूभौतिकी और भूगोल, कंप्यूटर विज्ञान, सूचना विज्ञान, जैव रसायन, बायोफिजिक्स आदि के वैज्ञानिक शामिल हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Jyoti Darpan** **Date: 16-02-2022**

# इंटरनेशनल अकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेस के उपाध्यक्ष बने प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार

नारनौल , राजेश राज गोयल,

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार अब प्रतिष्ठित इंटरनेशनल अकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेस के उपाध्यक्ष की भूमिका का भी निर्वहन करेंगे। वर्ष 2022 व 2023 के लिए इंटरनेशनल अकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेस (आईएपीएस) की कार्यकारी परिषद की घोषणा की गई है, जिसमें सूरजमल विश्वविद्यालय, उत्तराखंड के कुलपति प्रो. एच.एस. धामी को अध्यक्ष तथा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया है। आईएपीएस भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में खोज, वैज्ञानिक व तकनीकी ज्ञान तथा मानव समाज की बेहतरी के लिए कार्य करती है। आईएपीएस एक ऐसा वैज्ञानिक निकाय है जिसमें भौतिक, गणित, और पृथ्वी विज्ञान की विभिन्न शाखाओं जैसे भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, भूविज्ञान, भूभौतिकी और भूगोल, कंप्यूटर विज्ञान, सूचना विज्ञान, जैव रसायन, बायोफिजिक्स आदि के वैज्ञानिक शामिल हैं। भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में प्रो. टंकेश्वर कुमार के 35 वर्ष के उल्लेखनीय योगदान व उनकी प्रशासिक नेतृत्व क्षमता देखते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित संस्था का उपाध्यक्ष चुना है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इंटरनेशनल अकेडमी ऑफ फिजिकल साइंसेस जैसी प्रतिष्ठित संस्था की कार्यकारी परिषद का उपाध्यक्ष चुना जाना उनके लिए गर्व व सम्मान की बात है। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि उनके साथ फ्लोरिडा केंद्रीय विश्वविद्यालय, यूएसए के प्रो. राम महापात्रा, सहित दो अन्य उपाध्यक्ष भी चुने गए हैं।उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे संस्था के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर संस्था की बेहतरी के लिए कार्य करेंगे। कुलपति ने परिषद की नई टीम को भी शुभकामनाएं दी।

